समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# दिल्ली मे चंलेगा लू का दौर, 3 दिनों बाद रुलाएगी गर्मी, आज कैसा रहेगा मौसम ?

Publisher

Published on 12 May 2025



## आईएमडी के अनुसार सोमवार को दिल्ली मे अंधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश : 39 डिग्री सेल्सियस और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है. दिन के समय बादल छाए रहेगें.

दिल्ली में एक फिर मौसम का मिजाज बदलने के संकेत हैं. रविवार को चिलचिलाने वाली धूप की वजह से घर से बाहर निकले लोगों को परेशानी हुई. हालांकि, देर शाम के समय तेज हवा और हल्की बारिश से लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली. मौसम विभाग के अनुसार सोमवार (12 मई ) को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है.

मौसम विभाग (IMD) के अनुसार सोमवार को दिल्ली में अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमश: 39 डिग्री सेल्सियस और 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूर्वानुमान है. कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है. हवा की गति 6-12 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी, और हवा में नमी का स्तर मध्यम रहेगा.

दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग के मुताबिक आज से दिल्ली और आसपास के शहरों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है. बुधवार से दिल्ली में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान है. 17 मई तक दिल्ली में बादल छाए रहेंगे. इस दौरान तापमान में तेजी से बढ़ोतरी और तेज हवा चलने का पूर्वानुमान है.

तापमान औसत से ज्यादा
दिल्ली में रविवार को अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियल दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक है. आईएमडी के मुताबिक न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस अधिक 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. रविवार को राजधानी में

आर्द्रता का स्तर 74 प्रतिशत से लेकर 34 प्रतिशत के बीच रहा, जो दिनभर के उतार-चढ़ाव को दर्शाता है.

दिल्ली में प्रदूषण से राहत

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े के अनुसार, रविवार शाम चार बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 158 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है. आने वाले दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण में बढ़ोतरी की संभावना है. सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच 'गंभीर' माना जाता है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.